डीएम ने वर्टिकल गार्डेन का निरीक्षण किया

जीआईसी तिराहे पर निर्मित वर्टिकल गार्डेन का निरीक्षण करते जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह।

शाहजहांपुर (एसएनबी)। जिलाधिकारी/प्रशासक इन्द्र विक्रम सिंह ने जीआईसी तिराहे के सौन्दर्यीकरण के लिए नगर निगम द्वारा बनवाये जा रहें वर्टिकल गार्डेन का आज निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जीआईसी तिराहे पर निर्मित कराये गये वर्टिकल गार्डेन को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गई और कहा गया कि जीआईसी तिराहा का यह स्थान ब्लैक स्पॉट के रुप में जाना जाता था और यहाँ पर सड़क बहुत ही कम चौड़ी थी जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न होती थी।

यातायात को सुगम बनाये जाने तथा सौन्दर्यीकरण कराये जाने के उद्देश्य से इस सड़क को लगभग 8 मीटर चौड़ा कराकर इसके एक किनारे पर वर्टिकल गार्डेन का निर्माण कराया गया है। इसी रोड पर गुरुद्वारा भी है तथा एक सास्कृतिक मंच तक जाने का रास्ता भी है।

शहर के लोगों तक नगर की खुबसूरती दिखाई दें और गंदगी न रहें इसके लिये इसे एक सेल्फी प्वांइट के रुप में विकसित किया गया है। जिलाधिकारी ने शीघ्र ही वर्टिकल गार्डेन का शुभारम्भ कराये जाने के लिए नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के साथ नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक एस आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह उपस्थित रहें।

जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

शाहजहांपुर (एसएनबी)। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भूमि एवं जल संरक्षण के लिये 48 लाख रूपये के जलालाबाद और कलान क्षेत्र के चार प्रोजेक्ट स्वीकृत किये गये है जहां भूमि का समतली करण का कार्य किया जाना है। उन्होंने बताया प्रोजेक्टस में किसानो को सिचांई आदि के लिये पानी की व्यवस्था कि जयेगी। बैठक के दौरान विधायक मानवेन्द्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।